| 2. | Mr. Anand Rawal & Mrs. Neha Rawal | ₹ 31,38,385.13 as on 31.01.2025 | 10.02.2025 | 17.06.2025 (Symbolic Possession) | All that part and parcel of Residential Property Consisting of Unit - 469 (North Part) Pushpa ratna Park, S. No. 31/1-2, 35,36/1-2, 37-43,44/1/1-2, 44/2,45/1,45/3,46-50 Village Devguradiya, Indore - 452001, Area-51.11 sq.mtr. **Boundaries:** East: Road, West: Plot No. 464, North: Plot No. 468, South: Remaining Part of Plot No. 469 |
| 3. | Mr. Dinesh Kumar Kushwaha & Ramdayal Kushwaha | ₹ 9,35,677.13 as on 31.01.2025 | 10.02.2025 | 17.06.2025 (Symbolic Possession) | All that part and parcel of Residential Property Consisting Flat No. 102, Plot No. 354, Shivashish, Block-A, Shiv City Silver, Gram Nihalpur Mundi, Indore, 453331, Area-46.09 sq.mtr. **Boundaries:** East: Plot No. 343, West: Common Passage There After Flat No. 105, North: Flat No. 101, South: Flat No. 103 |
| 4. | Mr. Durgesh Makwane & Mrs. Tina Makwane | ₹ 16,32,403/- as on 31.05.2022 | 07.07.2022 | 18.06.2025 (Physical Possession) | Unit -147-North part, 148, South Part, Shri Ramkrishn Nagar, S.no. 680, Nougaon, Dhar (MP) 454001, Area of Plot No. 147(North Part)-18.58 Sq.mtr. & Area of Plot No.148 (South Part) 37.17 sq.mtr. **Boundaries:** East: Plot No. 141 & 142, West: Colony Road, North: Remaining Part of Plot No. 148, South: Remaining Part of Plot No. 147 |

*with further interest as applicable, incidental expenses, costs, charges etc incurred till the date of payment and/or realization. However, since the borrower/s mentioned hereinabove have failed to repay the amounts due, notice is hereby given to the borrower/s mentioned here in above in particular and to the public in general that the Authorised Officer/s of HDFC have taken **Possession** of the immovable property / secured asset described herein above in exercise of powers conferred on him/them under Section 13 (4) of the said Act read with Rule 8 of the said Rules on the dates mentioned above.

The borrower(s) mentioned hereinabove in particular and the public in general are hereby cautioned not to deal with the aforesaid Immovable Property / Secured Asset and any dealings with the said Immovable Property / Secured Asset will be subject to the mortgage of HDFC. Borrower(s) attention are invited to the provisions of sub-section (8) of section 13 of the Act, in respect of time available to redeem the secured asset/s.

Copies of the Panchanama drawn and Inventory made are available with the undersigned, and the said Borrower(s) are requested to collect the respective copy from the undersigned on any working day during normal office hours.

**Place : Indore**
**Date : 20.06.2025**

**Sd/- (Authorised Officer)**
**HDFC Bank Ltd.**

## एक नजर



### सक्षम संस्था खंडवा द्वारा स्थापना दिवस कार्यक्रम आज

**निमाड़ अंचल नेत्रहीन संघ में होगा सक्षम का कार्यक्रम व पौधरोपण**

खंडवा, (निप्र)। सक्षम मालवा द्वारा सभी स्थानिय संस्थाओ में सक्षम स्थापना दिवस पर विभिन कार्यक्रमो का आयोजन किया जा रहा है।सक्षम संस्था खण्डवा के अध्यक्ष नारायण बाहेती ने बताया कि खण्डवा में भी सक्षम स्थापना दिवस कार्यक्रम हेतु कार्यकारिणी सभा का आयोजन कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।खण्डवा जिला इकाई द्वारा सक्षम स्थापना दिवस 20 जून शुक्रवार को शाम 5 बजे से खण्डवा की दिव्यांग संस्था निमाड़ अंचल नेत्रहीन संघ के हाल में सक्षम स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया जा रहा है।कार्यक्रम से पूर्व परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया जाएगा। कार्यक्रम में दिव्यांगजनो को विशेष उपलब्धि व दिव्यांगजन सेवा के लिए सम्मानित किया जाएगा।खण्डवा इकाई द्वारा दिव्यांग जनों के हितार्थ कार्यो के साथ ही लायन्स के साथ नेत्रदान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है।बैठक में आशा उपाध्याय, अनिल बाहेती, उज्वला मुंदड़ा ,राजीव मालवीय, घनश्याम वाधवा ने अपने सुझाव दिए।सक्षम संस्था खण्डवा के अध्यक्ष नारायण बाहेती,सचिव सुरेंद्रसिंह सोलंकी,कोषाध्यक्ष राजीव शर्मा ,कार्यक्रम संयोजक उज्वला मुंदड़ा ने सभी से सक्षम स्थापना दिवस समारोह में पधारने की अपील की।बैठक में सक्षम संस्था के साथ ही लायन्स क्लब खण्डवा के पदाधिकारी उपस्थित रहे।उज्वला मुंदड़ा ने सभी का आभार माना।

### खेल क्षेत्र में भी शिक्षिका की स्वर्णिम उपलब्धि

श्रद्धा गुप्ता गंगराड़े ने दो स्वर्ण पदकों के साथ बढ़ाया खंडवा का मान



खंडवा, (निप्र)। सिवनी ज़िले में आयोजित ग्यारहवीं राज्य स्तरीय एजुकेशन डिपार्मेंट क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025 में खंडवा जिले की शिक्षिका श्रीमती श्रद्धा गुप्ता, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रुस्तमपुर, ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इंदौर संभाग का प्रतिनिधित्व किया। समाजसेवी सुनील जैन ने श्रीमती गुप्ता को बधाई देते हुए बताया कि प्रतियोगिता के दौरान श्रीमती गुप्ता ने 100 मीटर दौड़ तथा लॉन्ग जंप जैसे प्रतिस्पर्धात्मक इवेंट्स में प्रथम स्थान अर्जित करते हुए दो स्वर्ण पदक जीतकर संस्था, जिला एवं संभाग को गौरवान्वित किया। उनकी इस उपलब्धि ने यह सिद्ध कर दिया कि समर्पण और नियमित अभ्यास से कोई भी शिक्षक खेल के क्षेत्र में भी उत्कृष्टता प्राप्त कर सकता है।
इस भव्य आयोजन में सिवनी ज़िले के जिला शिक्षा अधिकारी श्री के. के. कुमरे, जबलपुर संभाग की सहायक संचालक, एवं राज्य भर के समस्त क्रीड़ा अधिकारीगण उपस्थित रहे। उनकी उपस्थिति ने आयोजन को गरिमा प्रदान की और प्रतियोगिता की सफलता को सुनिश्चित किया। श्रीमती गुप्ता की इस उपलब्धि पर सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, विधायक छाया मोरे, समाजसेवी सुनील जैन, संस्था प्राचार्य, खंडवा जिला शिक्षा अधिकारी, तथा क्रीड़ा अधिकारी श्री पी. डी. डोंगरे ने उन्हें हार्दिक बधाइयाँ दी हैं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह सम्मान न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि यह जिले और संभाग के लिए एक प्रेरणादायी उदाहरण है। इस ऐतिहासिक सफलता ने यह प्रमाणित किया है कि शिक्षक न ँकेवल कक्षा में, बल्कि खेल के मैदा8न पर भी नेतृत्व और उत्कृष्टता का प्रदर्शन कर सकते हैं। श्रद्धा गुप्ता की यह उपलब्धि निश्चित रूप से विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को नये उत्साह और प्रेरणा से भर देगी।

### श्रमदान कर दिया जल संरक्षण का संदेश

खंडवा, (निप्र)। नवांकुर संस्था सार्थक एजुकेशन सोशल वेलफेयर सोसाइटी पोखरखुर्द सेक्टर क्रमांक 2 बोरगांव बुजुर्ग के ग्राम पंचायत पिपरहट्टी (भमराडी) म.प्र. जन अभियान परिषद इंदौर के संभाग समन्वयक श्री अमित शाह के मार्गदर्शन में घाट पर श्रमदान किया गया। नवांकुर प्रस्फुटन समिति की बैठक के दौरान मंदिर प्रांगण में आम और पीपल का पौधा लगाया गया।

# संपूर्ण इंदिरा सागर बांध से प्रभावितों ने बनाया संगठन

### संगठित होकर लड़ेंगे लड़ाई, 30 जून को पुराने हरसूद में होंगे एकत्रित




खंडवा, (निप्र)। संपूर्ण इंदिरा सागर बांध से प्रभावित कई गांव के प्रतिनिधियो की एक बैठक गुरुवार को खंडवा में हुई ।इसमें इंदिरा सागर बांध में डुबे कई गांव के सक्रिय प्रतिनिधियों को शामिल कर एक संगठन बनाया संगठन का नाम इंदिरा सागर बांध डूब प्रभावित संयुक्त संगठन रहेगा। शीघ्र ही इसे रजिस्टर्ड कराया जाएगा।

आगे इस संगठन के माध्यम से जमीनी और कानूनी दोनों लड़ाई लड़ी जाएगी । इंदिरा सागर बांध से प्रभावित संयुक्त संगठन में सुजान सिंह राठौर , डी एल बकोरिया, चंद्र कुमार सांड, सुरेंद्र खंडेलवाल अधिवक्ता महेंद्र अग्रवाल, मनोज पाराशर राहुल महाजन पामाखेड़ी ,,प्रणेंद्र रांका दीपेंद्र सोलंकी,गोपाल सावनेर ,लक्ष्मण कैलदे,एजाज पटेल, संतोष कंसारिया बलडी ,मनीष राय संजय सिंह पवार बोरखेड़ा, कामता प्रसाद केसरवानी मालूद,दौलत पटेल जमुनिया ,कैलाश चंद पवार बोरी माल, गुलाब सिंह मीणा सतवास ,रामाधार प्रजापत आजनास, शिवराम पवार जमनिया ,जितेंद्र ठाकुर वीर सिंह राजपूत, नवलसिंह पवार अधिवक्ता, छगन पटेल, दिलीप पुरवले आदि कई लोगों को शामिल किया गया।

संगठन के माध्यम से शासन प्रशासन का इंदिरा सागर बांध से उत्पन्न समस्याओ की और ध्यान आकृष्ट कराया जाएगा और विभिन मांगे रखी जाएगी जिसमें 28 ए के प्रकरणों का शीघ्र निराकरण, इंदिरा सागर बांध के विस्थापितों को विशेष पैकेज, पुनर्वास नीति का पूर्णतः पालन,पुनर्वास स्थल नया हरसूद में विस्थापितों को व्यावसायिक भूखंडों का मलिकाना हक दिया जाए,, नया हरसूद में विस्थापितों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ और उस पर ऋण सुविधा को लेकर शीघ्र मुख्यमंत्री और क्षेत्रीय विधायको से प्रतिनिधि मंडल मिलेगा।संगठन की अगली बैठक पुराने हरसूद में होगी जिसमें आगामी रणनीति पर विचार होगा।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष पद के लिए दावेदारी का घनत्व

**केन्द्रीय पर्यवेक्षक हरीश मीणा के समक्ष अपनी-अपनी दावेदारी**

हरदा, (निप्र)। संगठन सृजन अभियान के तहत हरदा जिला कांग्रेस अध्यक्ष को लेकर की गई रायशुमारी में जहां एक ओर वर्तमान कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओम पटेल का नाम प्रमुखता से शामिल हैं वहीं विस्तृत सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार केन्द्रीय पर्यवेक्षक हरीश मीणा के समक्ष पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पंवार कांग्रेस नेता महेन्द्र पटेल नागु भूपेश पटेल राजेश पटेल गोयत अनिल सुरमा आमिर पटेल मोहन विश्नोई गोविंद व्यास राहुल पटेल ने भी अपनी दावेदारी पेश कर दी है । जिससे कांग्रेस जिलाध्यक्ष पद चयन को लेकर केन्द्रीय पर्यवेक्षक हरीश मीणा अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर चयन प्रक्रिया में जिम्मेदारी सजकता से निर्वाहन करेंगे ।

पांच दिवसीय संगठन सृजन अभियान के तहत हरदा जिले के कार्यकताओं सहित संगठन प्रभारी से चर्चा की गई है । माना जा रहा है कि कांग्रेस की मजबूती के लिए जल्द ही संगठन निर्णय लेगा । पार्टी कार्यकताओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए कुछ नया चमत्कार कर सकती हैं । जो हरदा कांग्रेस के लिए कितना सार्थक सिद्ध होगा यह आने वाला कल बतायेगा परन्तु इतना तय है कि कांग्रेस जिलाध्यक्ष पद चयन में वर्तमान कांग्रेस विधायक डॉ रामकिशोर दोगने तथा टिमरनी विधायक अभिजीत शाह की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी ।

कांग्रेस का अदना कार्यकर्ता की भावनाओं का सम्मान करते हुए पार्टी को बड़ा निर्णय लेना चाहिए क्योंकि वर्तमान जरूरत कांग्रेस के लिए हरदा जिले में अभी भी कड़े संघर्ष की जरूरत है ।


**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम NIJAMUDDID था जो कि पुराना नाम है अब मैने मैंरा नाम परिवर्तित कर नया नाम NIJAMUDDIN रख लिया है अब से मुझे नये नाम NIJAMUDDIN नाम से जाना एवं पहचाना व पुकारा जावे।

निजामुद्दीन पिता अजीज खान
131/- पटेल बावड़ी काजी पूरा रतलाम

**Change in Name**

I, TUSHAR SINGH, here by declare that my old passport incorrectly mentions my given name as "TUSHAR SINGH" and last name is missing.
CORRECT NAME FORMAT
Given Name: TUSHAR
Last Name: SINGH
I request that relevant authorities update my passport to reflect this correction.

TUSHAR SINGH
Add : FLAT NO.501, BLOCK NO.G-2, PTC CAMPUS, INDORE(M.P.)452001

**कार्यालय प्रशासक भूतपूर्व सैनिक आदर्श गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित इन्दौर**
**कार्यालय का पता- कार्यालय उप आयुक्त सहकारिता, श्रमशिविर जेलरोड इन्दौर**
**पंजीयन क्रमांक /डी.आर./आय.डी.आर/212/30-3-1978**

**जाहिर सूचना**

संस्था के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था के संचालक मंडल के निर्वाचन कराये जाना है जिस हेतु संस्था सदस्यों के मोबाइल नंबर एवं आधार कार्ड व अन्य जानकारियां सदस्यता सूची में दर्ज की जाना है। अतः संस्था के समस्त सदस्य अपने मोबाइल नंबर की जानकारी एवं स्वयं के आधार कार्ड अथवा अन्य शासकीय फोटो युक्त पहचान पत्र की हस्ताक्षरित छायाप्रति सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर कार्यालय उप आयुक्त सहकारिता ,श्रम शिविर जेलरोड इन्दौर पर समय दोपहर 12.00 बजे से 5.00 बजे तक श्री भीमराज भंगाले मो .नं.94066-31822 को कार्यालयीन दिवस में (शासकीय अवकाश को छोड़कर) अथवा श्री दत्तात्रय बुले 145, उषा नगर एक्स.मो.नं. 98266-42860 को शाम 5.00 बजे से 7.00 बजे तक उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

**(समीर हरदास)**
सहकारी निरीक्षक एवं प्रशासक भूतपूर्व सैनिक आदर्श गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित , इन्दौर

KOCHAR




# टीआई दरश्यामकर के नेतृत्व में पकड़ाया तस्कर

### आरोपी से 1.296 किलोग्राम मादक पदार्थ एवं मोबाइल जप्त

हरदा, (निप्र)। पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक हरदा अभिनव चौकसे द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए गए थे। जिसमें थाना हंडिया पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।

थाना प्रभारी निरीक्षक सुभाष दरश्यामकर को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर ग्राम राताताालाई स्थित हनुमान टेकरी मंदिर के पास से एक संदिग्ध व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ा गया। तलाशी में उसके पास से 1.296 किलोग्राम गांजा तथा एक एंड्रॉइड मोबाइल फोन बरामद हुआ। आरोपी की पहचान मोहन पिता सत्यनारायण विडोरिया, उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम राताताालाई के रूप में हुई है। उक्त कार्यवाही एनडीपीएस एक्ट की वैधानिक प्रक्रिया के तहत स्वतंत्र पंचों की उपस्थिति में की गई। आरोपी के विरुद्ध अपराध क्र 233/25 धारा 8/20(बी) एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध कर गिरफ्तारी की गई है। अपराध विवेचना में लिया गया है।

निरीक्षक सुभाष दरश्यामकर सहित उनि अशोक अहिरवार, प्रआर विजेन्द्र तोमर, प्रआर कंचन सिहं राजपूत, प्रआर भीमसिंह, आर नितेश कुशवाह, सैनिक जितेन्द्र सिहं की सराहनीय भूमिका रही ।

# विमल नाथ भगवान के मोक्ष कल्याण दिवस पर चढ़ाया लाडू

खंडवा, (निप्र)। जैन धर्म में जन्म से ज्यादा मोक्ष को महत्व दिया गया है इसीलिए जैन सामाजिक बंधु तीर्थंकरों के मोक्ष कल्याणक महोत्सव को उत्साह के साथ मनाते हैं।



समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि आज से हजारों वर्ष पूर्व आषाढ़ कृष्ण पक्ष की अष्टमी के दिन बिहार झारखंड स्थित तीर्थ स्थली सम्मेद शिखर पर्वत की सुवीर कूट से तप तपस्या करते हुए भगवान विमलनाथ जी ने मोक्ष प्राप्त किया था। अष्टमी गुरुवार के दिन भगवान विमल नाथ जी के मोक्ष कल्याणक महोत्सव पर खंडवा के समस्त दिगंबर जैन मंदिरों में पूजा अर्चना के साथ लाडू चढ़ाया गया। सुनील जैन ने बताया कि बजरंग चौक स्थित महावीर दिगंबर जैन मंदिर में द्वितीय तल पर शिखरजी की रचना में विराजमान रत्नजड़ित प्रतिमा का प्रातः काल श्रद्धालुओं द्वारा नित्य पूजन अभिषेक कर सभी के कल्याण के लिए शांति धारा कर निर्वाण कांड का वाचन करते हुए लाडू चढ़ाकर आरती की गई। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष दिलीप पहाड़िया, सचिव सुनील जैन, पवन रावका, अनूप बड़जात्या, जितेंद्र लोहाडीया, अविनाश बड़जात्या, सतीश पहाड़िया, प्रदीप रावका महावीर रावका, मनीष जैन सराफ, अजय लोहाडिया, ऋषभ गंगवाल, अशोक लोहाडिया, जिनेन्द्र जैन सहीत सामाजिक बंधु उपस्थित थे।


**जाहीर सूचना**

सर्व साधरण को सुचित किया जाता है कि में. Deep Developers 539/1/1/1/1/1 ग्राम मोहम्मदपुस, बुरहानपुर भागीदारी फर्म में निम्नलिखित परिवर्तन हुआ है फर्म में सम्मिलित होने वाले भागीदार दिनांक 13.01 2023 एवं 21.12.2023 से 1. श्री आनंद माहेश्वरी पिता सत्यनारायण माहेश्वरी 13.01.2023 2. श्री ओझर खान पिता आरिफ खान 21.12.2023 फर्म से पृथक (रिटायर्ड) होने वाले भागीदार दिनांक 21.12.2023 से 1. श्री अनिल नवग्रहै पिता विक्रमसिंह नवग्रहे दिनाक 22.12.2023 से में. Deep Developers फर्म में निम्न भागीदार है

1. श्री आरिफ खान पिता युसुफ खान 2. श्री आनंद माहेश्वरी पिता सत्यनारायण माहेश्वरी 3 श्री ओझर खान पिता आरिफ खान

**वास्तेः में. दीप डब्लपर्स भागीदार आरिफ खान**
dy DEEP DEVELOPERS
PARTNER

**न्यायालय दीपनारायण सिंह बारहवें जिला न्यायाधीश इंदौर (म.प्र.)**

जावक
प्र.क्र. एम.जे.सी.डब्ल्यू. 07/2025
सुनवाई दिनांक 10.07.2025

गंगाराम
विरूद्ध
सर्वसाधारण

**सर्वसाधारण 1. श्रीमती लक्ष्मी ठाकसे पति स्व. जितेन्द्र ठाकसे, निवासी-125 राधाकृष्ण मंदिर के पास, पिपल्याहाना, जिला इंदौर म.प्र.**

यह कि विनोद ने आपके विरूद्ध उपरोक्त धारा 08 हिंदू दत्तक तथा भरण पोषण अधिनियम प्रकरण संस्थित किया है. आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन/सूचित किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो वाद प्रकरण में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके शक्ति में है पेश करे जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करे। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद प्रकरण की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 02/06/25 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

**दीपनारायण सिंह**
**बारहवें जिला न्यायाधीश**
**इंदौर (म.प्र.)**

**कृपया ध्यान दे**-1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

**फॉर्म-ए**
**सार्वजनिक घोषणा**
(भारतीय दिवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड (कॉर्पोरेट व्यक्तियों हेतु दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियम, 2016 के विनियमन 6 के तहत)

**मेसर्स इको गोल्ड न्यूट्री एंड ऑर्गेनिक्स एलएलपी के लेनदारों के ध्यानार्थ हेतु**

**प्रासंगिक विवरण**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कॉर्पोरेट देनदार का नाम | **मेसर्स इको गोल्ड न्यूट्री एंड ऑर्गेनिक्स एलएलपी** |
| 2. | कॉर्पोरेट देनदार के निगमन की तिथि | 13/04/2017 |
| 3. | प्राधिकरण जिसके अंतर्गत कॉर्पोरेट देनदार निगमित/ पंजीकृत है | कम्पनी रजिस्ट्रार, ग्वालियर |
| 4. | कॉर्पोरेट देनदार की कॉर्पोरेट पहचान संख्या/ सीमित देयता पहचान संख्या | AAJ-1557 |
| 5. | कॉर्पोरेट देनदार के पंजीकरण कार्यालय और प्रधान कार्यालय (यदि कोई) का पता | सर्वे नं. 337/1/1/2/2, ग्राम डकाच्या, तहसील सांवेर, जिला इंदौर, ग्राम डकाच्या, मध्य प्रदेश, भारत, 453771 |
| 6. | कॉर्पोरेट देनदार के सम्बन्ध में दिवालियापन प्रारंभ होने की तिथि | 17/06/2025 (आदेश की प्रति प्राप्त होने की तिथि 18/06/2025) |
| 7. | दिवाला समाधान प्रक्रिया समापन होने की अनुमानित तिथि | 14/12/2025 |
| 8. | अंतरिम रिज़ॉल्यूशन प्रोफेशनल्स के रूप में कार्य करने वाले इन्सॉल्वेंसी प्रोफेशनल का नाम और पंजीकरण संख्या | आनंद मोहन पांडेया<br>पंजीकृत संख्याः<br>IBBI/IPA-002/IP-N01243/ 2022-2023/14223 |
| 9. | बोर्ड के समक्ष पंजीकृत अंतरिम रिज़ॉल्यूशन प्रोफेशनल का पता और ईमेल | पताः एफ-103, एडब्ल्यूएचओ कॉम्प्लेक्स, उदय विहार, 78- विजय नगर, अटल खेल परिसर के पास, इंदौर, मध्य प्रदेश, 452010<br>ईमेलः anand_pandeya@yahoo.com |
| 10. | अंतरिम रिज़ॉल्यूशन प्रोफेशनल के साथ पत्राचार के लिए उपयोग किए जाने वाला पता और ई-मेल | पताः एफ-103, एडब्ल्यूएचओ कॉम्प्लेक्स, उदय विहार, 78- विजय नगर, अटल खेल परिसर के पास, इंदौर, मध्य प्रदेश, 452010<br>ईमेलः cirp.ecogold@gmail.com |
| 11. | दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 02/07/2025 (18/06/2025 अर्थात आईआरपी द्वारा माननीय एनसीएलटी, इंदौर पीठ के उक्त आदेश की प्राप्ति की तारीख से 14 दिन बाद) |
| 12. | धारा 21 के उपधारा (6ए) के खंड (बी) के तहत अंतरिम रिज़ॉल्यूशन प्रोफेशनल द्वारा लेनदारों की श्रेणियां, यदि कोई, सुनिश्चित की गई हो | सीमित जानकारी के आधार पर, आईबीसी, 2016 की धारा 21(6ए) (बी) के तहत लेनदारों की कोई श्रेणी नहीं है |
| 13. | किसी श्रेणी में लेनदारों के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए इन्सॉल्वेंसी प्रोफेशनल के नाम (प्रत्येक श्रेणी के लिए तीन नाम) | लागू नहीं |
| 14. | (ए) प्रासंगिक प्रारूप और<br>(बी) अधिकृत प्रतिनिधियों का विवरण यहां उपलब्ध हैः | (ए) वेब लिंकः संबंधित फॉर्म https://ibbi.gov.in/en/home/downloads से डाउनलोड किया जा सकता है<br>(बी) भौतिक पताः लागू नहीं |

सूचित किया जाता है कि नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल, इंदौर पीठ द्वारा 17/06/2025 (आदेश की प्रति प्राप्त होने की तिथि 18/06/2025) को मेसर्स इको गोल्ड न्यूट्री एंड ऑर्गेनिक्स एलएलपी की कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया प्रारम्भ करने का आदेश दिया है।
मेसर्स इको गोल्ड न्यूट्री एंड ऑर्गेनिक्स एलएलपी के लेनदारों को इसके द्वारा आह्वान किया जाता है कि प्रविष्टि संख्या 10 के सामने उल्लिखित पते पर अंतरिम रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल को 02/07/2025 (18/06/2025 अर्थात आईआरपी द्वारा माननीय एनसीएलटी, इंदौर पीठ के उक्त आदेश की प्राप्ति की तारीख से 14 दिन बाद) तक या उससे पहले सबूत के साथ अपने दावे प्रस्तुत करे।
वित्तीय लेनदार अपने दावे प्रमाण के साथ केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्रस्तुत करेंगे। अन्य सभी लेनदार व्यक्तिगत रूप से, डाक द्वारा या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से सबूत के साथ दावे प्रस्तुत कर सकते हैं।
(प्रविष्टि संख्या 12 के सामने सूचीबद्ध एक श्रेणी से संबंधित एक वित्तीय लेनदार, फॉर्म सीए में श्रेणी के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए प्रविष्टि संख्या 13 के खिलाफ सूचीबद्ध तीन इन्सॉल्वेंसी प्रोफेशनल्स में से अधिकृत प्रतिनिधि की अपनी पसंद का संकेत देगा।) – लागू नहीं
दावे के झूठे या भ्रामक सबूत प्रस्तुत करने पर जुर्माना लगाया जाएगा।

हस्ता/-
**आनंद मोहन पांडेया**
**अंतरिम रिज़ॉल्यूशन प्रोफेशनल**
**मेसर्स इको गोल्ड न्यूट्री एंड ऑर्गेनिक्स एलएलपी**
दिनांकः 20.06.2025
स्थानः इंदौर
पंजीकरण संख्याः IBBI/IPA-002/IP-N01243/2022-2023/14223
**एएफए वैधताः 31/12/2025**





# आरएएफ का पुलिस दल के साथ पैदल मार्च कर परिचय अभ्यास

खंडवा, (निप्र)। खंडवा जिले की भौगोलिक, धार्मिक, समाजिक, राजनेतिक, जनसंख्या, साक्षरता, निरक्षरता आदि की स्थिति एवं आसमाजिक तत्वों की जानकारी एकत्रित किए जाने की उद्देश्य से भोपाल से रेपिड एक्शन फोर्स (आर.ए.एफ.) श्री जगदीश प्रसाद बलाई. कमाण्डेंट 107 बटा० के निर्देशन में श्री प्रभांशु प्रभाकर, सहा०कमा० के नेतृत्व में सी / 107 बटा0 के 45 सदस्यीय का एक दल द्वारा दिनांक 18/06/2025 से 24/06/2025 तक खंडवा जिले के संवेदनशील थाना क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस के साथ पैदल मार्च कर परिचय अभ्यास किया जा रहा है।

कार्य योजना अनुसार आर.ए.एफ. दल द्वारा दिनांक 18/06/2025 को पंधाना थाना क्षेत्र में पैदल मार्च कर परिचय अभ्यास किया गया है। जिले में परिचय अभ्यास की कड़ी को आगे जारी रखते हुए आज दिनांक 19/06/2025 को आर.ए.एफ. दल प्रभारी श्री प्रभांशु प्रभाकर, सहा०कमा० अपने दल के साथ खालवा थाना पहुंचे और थाना प्रभारी पुलिस थाना खालवा के साथ थाना के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में सामुहिक पैदल मार्च कर क्षेत्रीय स्थिति से परिचय अभ्यास किया गया।



### प्राचीन श्री गणेश गौशाला में विधायक ने किया सोलर हाई माक्स का लोकार्पण

खंडवा, (निप्र)। निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का दायित्व होता है कि अपने क्षेत्र के विकास एवं जनता की मूलभूत सेवा के लिए सतत कार्य करते रहें। खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे द्वारा पूरी सक्रियता के साथ जहां खंडवा विधानसभा क्षेत्र में विकास और निर्माण कार्य करवाए जा रहे हैं वहीं सेवा कार्यों के लिए भी लगातार सक्रिय होकर कार्य कर रही हैं।
समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि विगत दिनों जहां नगर में कुछ वार्डों में पानी की समस्या को लेकर विधायक कंचन मुकेश तनवे द्वारा नलकूप खनन कार्य की स्वीकृति प्रदान की गई थी वहीं शहर की प्राचीन श्री गणेश गौशाला में गौ माता की रक्षा एवं सुरक्षा के लिए गौशाला के पदाधिकारी की मांग पर विधायक कंचन मुकेश तनवे द्वारा विधायक मद द्वारा सोलर हाई माक्स लगाने की घोषणा की गई थी।

### आधार ऑपरेटर्स के चयन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित

**खंडवा**, (निप्र)। जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, खंडवा ने बताया कि कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता के माध्यम से रजिस्ट्रार महिला एवं बाल विकास के अधीन बाल विकास परियोजना कार्यालयों में स्थित स्थायी अधार मशीनों के संचालन हेतु पंजीयन केन्द्रों में आधार पंजीयन/अपडेशन के लिए आवश्यकता अनुसार आधार ऑपरेटर के चयन हेतु 25 जून तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये हैं। उन्होंने बताया कि आधार ऑपरेटर के लिए आवेदक कक्षा 12वीं उत्तीर्ण हो, एनएसईआईटी द्वारा आयोजित आधार परीक्षा उत्तीर्ण हो, संबंधित जिले का निवासी हो, ऑपरेटर द्वारा ब्लेक लिस्टेड न हो, आधार कार्य अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी, एक समान योग्यता होने पर एक से अधिक आवेदन होने पर अधिक अनुभव वाले आवेदक को प्राथमिकता दी जाएगी, आवेदक पर कोई अपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध न हो आदि योग्यताएं होनी चाहिए।
उन्होंने बताया कि आवेदन पत्र कार्यालय जिला कार्यकम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, जिला खंडवा में जमा किये जाएंगे। इच्छुक आवेदक निर्धारित समय अवधि में आवेदन जिला कार्यालय में निर्धारित समयावधि में जमा करायें।


**कार्यालय, नगर पालिक निगम, रतलाम (म०प्र०)**

क्रमांक /731/लो.नि.शा./
रतलाम, दिंनाक 17.06.2025

**:: ई-निविदा आमंत्रण ::**

नगर पालिक निगम रतलाम द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारो से ऑनलाईन निविदा आंमत्रित की जाती है जिसकी विस्तृत जानकारी ऑनलाईन वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती हैः-

| क्र. | ऑन लाईन निविदा क्र. | कार्य का विवरण | कार्य की समयावधि एवंलागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 431489 | वार्ड क्रमांक 12 गली न. 06 शिव हनुमान मंदिर पार्क में बच्चो के लिए मनोरंजन एवं ओपन जिम उपकरण लगाने का कार्य एस्टीमेट अनुसार । (प्रथम आमंत्रण) | 1-03 माह<br>2-337250/- | 1-2000/-<br>2-6750/- | 07/07/2025<br>15:30 |
| 2 | 431490 | वार्ड क्रमांक 25 जुनीकलाल सेरी में डामरीकरण सड़क निर्माण कार्य एस्टीमेट अनुसार । (प्रथम आमंत्रण) | 1-03 माह<br>2-396970/- | 1-2000/-<br>2-7940/- | 07/07/2025<br>15:30 |
| 3 | 431491 | वार्ड क्रमांक 34 गीता मंदिर के पास (रंगोली गार्डन) डामरीकरण सड़क निर्माण कार्य एस्टीमेट अनुसार । (प्रथम आमंत्रण) | 1-03 माह<br>2-1159650/- | 1-2000/-<br>2-23200/- | 07/07/2025<br>15:30 |
| 4 | 431492 | वार्ड क्रमांक 34 में सी सी रोड़ नवीनीकरण (गणेश मंदिर के पिछे से मकडावन गली तक) निर्माण कार्य एस्टीमेट अनुसार । (प्रथम आमंत्रण) | 1-03 माह<br>2-370610/- | 1-2000/-<br>2-7420/- | 07/07/2025<br>15:30 |
| 5 | 431493 | वार्ड क्रमांक 48 वेद व्यास कालोनी में स्थित ऊर्वशी और पुनिकेत अपॉटमेंट में पेवर ब्लाक स्थापना कार्य एस्टीमेट अनुसार । (प्रथम आमंत्रण) | 1-03 माह<br>2-647550/- | 1-2000/-<br>2-12960/- | 07/07/2025<br>15:30 |

नोट :-निविदा से संबंधित किसी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mpteners.gov.in की वेब साईड पर ही किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**नगर पालिक निगम, रतलाम**